आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 20.02.2026 समय : 02.10

प्रधानमंत्री-स्टार्टअप गोलमेज बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली के सेवा तीर्थ में एआई और डीपटेक स्टार्टअप के मुख्य कार्यकारी अधिकारिओं के साथ एक बैठक की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कृषि, पर्यावरण संरक्षण और मातृभाषा में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे विभिन्न क्षेत्रों में एआई तकनीक के उपयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। श्री मोदी ने मजबूत डेटा प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने गलत सूचनाओं के प्रति आगाह किया और देश की जरूरतों के अनुरूप समाधान विकसित करने का आग्रह किया। गोलमेज बैठक के दौरान 16 एआई और डीपटेक स्टार्टअप के सीईओ और संस्थापकों ने अपने विचार और कार्य प्रस्तुत किए। एआई स्टार्टअप्स ने भारत द्वारा अपने एआई पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना की। इस बैठक में एब्रिज, अदालत एआई, ब्रेनसाइटएआई, क्रेडो एआई, एका केयर, ग्लीन, इनोगल, इनवीडियो और मिको सहित कई स्टार्टअप्स के सीईओ और संस्थापकों ने भाग लिया।

मुख्यमंत्री- एआई इम्पैक्ट समिट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 में सहभागिता की एवं राज्य स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के प्रभावी उपयोग के माध्यम से आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करने, डिजिटल सुशासन को सशक्त बनाने तथा सुदृढ़ और भविष्य उन्मुख अवसंरचना विकसित करने के उपायों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गूगल पैवेलियन का अवलोकन किया एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और खेल क्षेत्रों में एआई आधारित नवाचारों और अत्याधुनिक तकनीकी समाधानों का अनुभव प्राप्त किया तथा इनके राज्य में संभावित उपयोग पर चर्चा की। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि.......

खजुराहो -अंतर्राष्ट्रीय नृत्य समारोह

खजुराहो में आज से 52वें अंतर्राष्ट्रीय नृत्य समारोह का आगाज़ होने जा रहा है। सात दिनों तक चलने वाला यह उत्सव इस बार 'नटराज' की विशेष थीम पर आधारित है। समारोह के पहले दिन आज कोलकाता की पद्मश्री ममता शंकर कथक की प्रस्तुति देंगी, वहीं अनुराधा वेंकटरमन का भरतनाट्यम और शुभदा वराडकर का ओडिसी नृत्य दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेगा। इस वर्ष के आयोजन में 7 पद्मश्री और 6 संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्राप्त कलाकारों के साथ-साथ उदीयमान प्रतिभाओं को भी 'राष्ट्रीय बाल नृत्य महोत्सव' के माध्यम से मंच दिया जा रहा है।

5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षाएं

प्रदेश में आज से कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित इन परीक्षाओं में इस वर्ष प्रदेश के लगभग 25 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं, जिनके लिए 12 हजार 920 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा को पारदर्शी बनाने के लिए विभाग ने विशेष आईटी पोर्टल तैयार किया है और निजी स्कूलों के लिए एनसीईआरटी सिलेबस के आधार पर अलग व्यवस्था की गई है। कक्षा 5वीं की परीक्षाएं 26 फरवरी तक, जबकि 8वीं की परीक्षाएं 28 फरवरी तक चलेंगी।

सामाजिक न्याय दिवस

आज विश्व सामाजिक न्याय दिवस है। यह दिन गरीबी, बहिष्कार, लैंगिक असमानता और बेरोजगारी जैसे गंभीर वैश्विक मुद्दों से निपटने के लिए समर्पित है। संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2007 में इस दिन को सभी के लिए निष्पक्षता, मानवाधिकार और सामाजिक सुरक्षा के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए नामित किया था।

मौसम

प्रदेश में 24 घंटों के दौरान प्रदेश के 25 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश और ओलावृष्टि दर्ज की गई। उज्जैन और मंदसौर सहित मालवा-निवाड़ के कई हिस्सों में ओले गिरने से फसलों को भारी नुकसान पहुँचा है, जिसके बाद प्रशासन ने तत्काल सर्वे के आदेश दे दिए हैं। श्योपुर में 63 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली आंधी ने जनजीवन प्रभावित किया। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि फरवरी के आखिरी सप्ताह में भी हल्की बूंदाबांदी का दौर जारी रह सकता है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में ....

- शिवपुरी के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत" निशुल्क मेटल फेब्रिकेटर" शॉर्ट टर्म कोर्स के इच्छुक 12 वीं उत्तीर्ण छात्र एवं छात्राएँ, संस्था में निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं
- नीमच जिला शासन द्वारा संचालित 16 योजनाओं के क्रियान्वयन एवं लक्ष्यपूर्ति में प्रथम स्थान पर रहा हैं
- मंडला में 3 दिवसीय रज़ा उत्सव आज से 22 फरवरी 2026 तक रज़ा कला वीथिका में चलेगां
- खरगोन के 48 वर्षीय विजय जायसवाल की मृत्यु के बाद अंगदान से विभिन्न शहरों में मरीजों को जीवनदान मिला, स्व विजय को अंतिम विदाई से पूर्व गार्ड ऑफ ऑनर देकर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गयां
- आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप मेंए आज शाम 7 बजे ऑस्ट्रेलिया का सामना ओमान से होगा। यह मैच श्रीलंका के पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

....